100TH BIRTH ANNIVERSARY OF AKKINENI NAGESWARA RAO

On September 20, 2024, we honor the 100th birth anniversary of Dr. Akkineni Nageswara Rao (ANR), a towering figure in Indian cinema whose remarkable career spanned over seven decades. Born in Venkataraghava Puram Village, Krishna District, Andhra Pradesh, ANR's journey from a young stage performer to a legendary film actor is a story of immense talent and dedication.

ANR's involvement in the arts began early. At the age of 10, he started his career in stage acting, initially performing female roles. His film debut came in 1941 with the movie *Dharmapatni*, marking the start of a career that would see him become one of the most respected figures in Indian cinema. Throughout his life, ANR appeared in 256 films across Tamil, Telugu and Hindi languages, showcasing his versatility and commitment to his craft.

ANR's career was characterized by his extraordinary range and depth as an actor. He became a prominent figure in Indian cinema, known for his ability to portray a wide variety of characters. His contributions were not limited to his roles on screen; he also played a crucial role in the growth and development of the Telugu film industry.

In 1976, ANR established *Annapurna Studios* in Hyderabad. This initiative was pivotal in shifting the Telugu Film Industry from Chennai (formerly Madras) to Hyderabad, where it could flourish within its home state of Andhra Pradesh. The establishment of Annapurna Studios was a significant milestone, contributing to the industry's accessibility and growth in the region.

ANR's contributions to cinema earned him numerous accolades and honors throughout his lifetime. Some of the most notable awards and recognitions include:

- **Government of India Awards:** He received prestigious awards such as the Padma Shri, Padma Bhushan, Dada Saheb Phalke Award, and Padma Vibhushan. These awards are among the highest honors given to individuals for their exceptional contributions to Indian cinema and culture.
- **Regional Honors:** ANR was recognized by various states with awards like the Raghupathi Venkaiah Award, NTR National Film Award, ANNA Award, and Kalidas Koustabh Awards. These awards celebrate his impact on the regional film industry and his role in advancing cinema.
- **Lifetime Achievements:** Throughout his career, ANR was celebrated by the Telugu film industry and various cultural organizations both in India and abroad. His achievements were recognized with lifetime awards that acknowledged his significant contributions to the field of cinema.

In 2005, ANR established the **Akkineni Nageswara Rao National Award** to honor exceptional service to Indian cinema. This award, which includes a cash prize of Rs. 5,00,000/-, continues to recognize and celebrate the achievements of individuals who have made significant contributions to the film industry.

ANR's impact extended beyond the realm of cinema. He was deeply committed to education and charitable causes, reflecting his desire to make a positive difference in society. In 2001, he founded the **International School of Film & Media Education Society** to provide guidance and education to young people passionate about cinema. This institution was established to nurture the next generation of film professionals and support their growth in the industry.

ANR's dedication to education is also evident in his generous donations to various educational institutions. In 1958, he made a notable contribution of Rs. 1,00,000/- to Akkineni Nageswara Rao College in Gudiwada, his hometown. He also donated to several other universities, including Andhra University, Bangalore University, Bombay University, Kerala University, Madras University, Osmania University, and Sri Venkateswara University. These donations were used for scholarships and to support educational development.

In addition to his contributions to education, ANR was actively involved in charitable efforts. He supported the Chief Minister's Relief Fund during times of natural disasters, such as cyclones affecting Andhra Pradesh. His generosity in times of need demonstrated his commitment to social welfare and his concern for the well-being of others.

Dr. Akkineni Nageswara Rao's legacy is a testament to his passion for cinema, his dedication to the growth of the Telugu film industry, and his commitment to social causes. His contributions have left an indelible mark on Indian cinema and continue to influence and inspire new generations of filmmakers and actors.

As we celebrate the centenary of ANR's birth, we reflect on his extraordinary life and achievements. His love for cinema, his efforts to promote and develop the industry, and his philanthropic work have made him a beloved and respected figure in Indian culture. ANR's story is not just one of professional success but also of a deep commitment to making a positive impact on society.

The Department of Posts proudly presents a commemorative Postage stamp honoring Dr. Akkineni Nageswara Rao (ANR). Renowned for his groundbreaking work in Indian cinema, ANR founded Annapurna Studios and established the Akkineni Nageswara Rao National Award, profoundly influencing the film industry. His commitment extended to education and philanthropy, demonstrating his dedication to societal betterment. This stamp celebrates his enduring legacy and highlights the significant impact one individual can have through passion and generosity. Dr. ANR's contributions continue to inspire and resonate, reflecting his lasting influence on both cinema and community.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet	:	Sh. Suresh Kumar
Text	:	Referenced from content provided by Proponent



अक्किनेनी नागेश्वर राव की 100वीं जयंती

20 सितंबर, 2024 को हम भारतीय सिनेमा की महान विभूति डॉ. अक्किनेनी नागेश्वर राव (ए.एन.आर.) की 100वीं जयंती मना रहे हैं। आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के वेंकटराघवपुरम् गांव में जन्मे ए.एन.आर. सात दशक से भी अधिक समय तक सिनेमा जगत में सक्रिय रहे। युवा स्टेज कलाकार से महान फिल्म अभिनेता बनने तक का सफर उनकी असीम प्रतिभा और समर्पण भाव को बयां करता है।

ए.एन.आर. ने कम उम्र से ही कला के क्षेत्र में हाथ आजमाना शुरू कर दिया था। वे मात्र 10 वर्ष के थे, जब उन्होंने स्टेज अभिनय में करियर की शुरुआत की। प्रारंभ में वे महिला पात्रों की भूमिका निभाते थे। फिल्म जगत में उनका पदार्पण 1941 में 'धर्मपत्नी' फिल्म से हुआ। यहीं से उनका भारतीय सिनेमा की सुप्रतिष्ठित हस्तियों में शामिल होने का सफर शुरू हो गया। अपने जीवनकाल में ए.एन.आर. ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और श्रेष्ठ अभिनय के बल पर तमिल, तेलुगू और हिंदी भाषाओं की कुल 256 फिल्मों में काम किया।

ए.एन.आर. के करियर की एक मुख्य विशेषता यह थी कि अभिनेता के रूप में वे किसी भी किरदार की गहराई तक उतर जाते थे। विविध प्रकार की भूमिकाएं कर पाने की अपनी इसी क्षमता के कारण उन्होंने भारतीय सिनेमा में विशिष्ट स्थान हासिल किया। उनका योगदान पर्दे पर उनके द्वारा निभाई गई भूमिकाओं तक ही सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने तेलुगू फिल्म उद्योग की प्रगति और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

1976 में ए.एन.आर. ने हैदराबाद में अन्नपूर्णा स्टूडियो की स्थापना की। तेलुगू फिल्म उद्योग को चेन्नै (पूर्व में मद्रास) से हैदराबाद शिफ्ट करने की दिशा में यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम था, जिसके फलस्वरूप तेलुगू फिल्म उद्योग, अपने गृह राज्य आंध्र प्रदेश में खूब फूला–फला। अन्नपूर्णा स्टूडियो की स्थापना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। इस स्टूडियो ने उस क्षेत्र–विशेष में तेलुगू फिल्म उद्योग की पहुंच बढ़ाने और उसके विकास में योगदान दिया।

ए.एन.आर. को अपने जीवनकाल के दौरान सिनेमा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए। कुछेक महत्वपूर्ण पुरस्कारों और सम्मानों में निम्नलिखित शामिल हैं :–

- Hkkjr ljdkj l çkIr ijLdkj% डॉ. ए.एन.आर. को पद्मश्री, पद्मभूषण, दादा साहब फाल्के पुरस्कार और पद्मविभूषण जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार, भारतीय सिनेमा और संस्कृति के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए किसी व्यक्ति–विशेष को प्रदान किए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में शामिल हैं।
- {k=h; lEeku % ए.एन.आर. को विभिन्न राज्यों द्वारा रघुपति वेंकैया पुरस्कार, एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, अन्ना पुरस्कार और कालिदास कौस्तभ पुरस्कार जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार, क्षेत्रीय फिल्म उद्योग जगत पर उनके प्रभाव और सिनेमा की प्रगति में उनकी भूमिका की सराहना करते हुए प्रदान किए गए हैं।
- ykbQVkbe miyfC/k;k % ए.एन.आर. को उनके पूरे करियर के दौरान, तेलुगू फिल्म जगत के साथ–साथ भारत तथा विदेशों में विभिन्न सांस्कृतिक संगठनों द्वारा पुरस्कृत किया गया। सिनेमा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें विभिन्न लाइफटाइम पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

2005 में ए.एन.आर. ने अक्किनेनी नागेश्वर राव राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की। यह पुरस्कार, भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में असाधारण सेवा के सम्मानस्वरूप दिया जाता है। इसके अंतर्गत फिल्म उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्ति–विशेष को उनकी उपलब्धियों के लिए 5,00,000/– रुपये की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाती है।

ए.एन.आर. का प्रभाव सिने जगत तक ही सीमित नहीं था। वे शिक्षा और धर्मार्थ कार्यों में भी गहन रुचि लेते थे, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की उनकी उत्कट इच्छा का प्रतीक है। वर्ष 2001 में, उन्होंने सिनेमा के प्रति रुचि रखने वाले युवाओं के मार्गदर्शन और उन्हें शिक्षा प्रदान करने के लिए इंटरनेशनल स्कूल ऑफ फिल्म एंड मीडिया एजुकेशन सोसाइटी की स्थापना की। इस संस्था की स्थापना, फिल्म पेशेवरों की भावी पीढ़ी को तैयार करने और उन्हें, फिल्म जगत में आगे बढ़ने में सहायता करने हेतु की गई थी।

शिक्षा के प्रति ए.एन.आर. का समर्पण भाव विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों को उनके उदार हृदय से दिए गए दान में भी परिलक्षित होता है। 1958 में, उन्होंने अपने गृहनगर गुडीवाड़ा में अक्किनेनी नागेश्वर राव कॉलेज को 1,00,000/– रुपये का उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने आंध्र विश्वविद्यालय, बैंगलोर विश्वविद्यालय, बॉम्बे विश्वविद्यालय, केरल विश्वविद्यालय, मद्रास विश्वविद्यालय, उस्मानिया विश्वविद्यालय और श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय सहित कई अन्य विश्वविद्यालयों को भी दान दिया। दानस्वरूप दी गई निधियों का प्रयोग विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने और उनके शैक्षणिक विकास में सहयोग करने के लिए किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के साथ–साथ ए.एन.आर. धर्मार्थ कार्यों में भी काफी सक्रिय रहे। उन्होंने विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे चक्रवात के दौरान मुख्यमंत्री राहत कोष में भी योगदान किया। जरूरत के समय उनकी उदारता के साथ–साथ दूसरों की भलाई को लेकर चिंतित रहने की प्रवृत्ति 'सामाजिक कल्याण' के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

डॉ. अक्किनेनी नागेश्वर राव की विरासत सिनेमा के प्रति उनके जुनून, तेलुगू फिल्म उद्योग की प्रगति को लेकर उनके समर्पणभाव और सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उनके योगदान ने, भारतीय सिनेमा पर अमिट छाप छोड़ी है, जो नई पीढ़ी के फिल्म निर्माताओं तथा अभिनेताओं को आज भी प्रभावित एवं प्रेरित कर रही है।

ए.एन.आर. की जन्मशती के अवसर पर हम उनके असाधारण जीवन और उपलब्धियों का स्मरण करते हैं। सिनेमा के प्रति उनके प्रेम, फिल्म जगत की समृद्धि और विकास के लिए किए गए उनके प्रयास तथा उनके द्वारा किए गए परोपकारी कार्यों ने उन्हें भारतीय संस्कृति में प्रेम और सम्मान का स्थान दिया है। ए.एन.आर. का जीवन उनकी पेशेवर सफलता की ही नहीं, बल्कि समाज पर सकारात्मक छाप छोड़ने की गहन प्रतिबद्धता की गाथा भी है।

डाक विभाग, डॉ. अक्किनेनी नागेश्वर राव (ए.एन.आर.) के सम्मान स्वरूप स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए गौरव का अनुभव करता है। भारतीय सिनेमा में अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए सुविख्यात ए.एन.आर. ने अन्नपूर्णा स्टूडियो और अक्किनेनी नागेश्वर राव राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना कर फिल्म जगत को बखूबी प्रभावित किया। शिक्षा और परोपकार को लेकर उनकी प्रतिबद्धता समाज कल्याण के प्रति उनके समर्पणभाव को दर्शाती है। यह डाक–टिकट, ए.एन.आर. की चिरस्थायी विरासत का प्रतीक है और यह दर्शाता है कि किस प्रकार कोई व्यक्ति अपनी लगन एवं उदारता से समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ सकता है। डॉ. अक्किनेनी नागेश्वर राव का योगदान, सिनेमा और समाज दोनों के लिए प्रेरणापुंज की तरह काम करता है और इन दोनों पर उनके अमिट प्रभाव को दर्शाता है।

आभार :

डाक–टिकट/प्रथम दिवस आवरण/विवरणिका/विरूपण कैशे : श्री सुरेश कुमार

पाठ : प्रस्तावक द्वारा प्रदत्त सामाग्री से संदर्भित

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग Denomination	: 1000 पैसे : 1000 p
मुद्रित डाक–टिकटें Stamps Printed	: 3,28,800 : 3,28,800
मुद्रण प्रक्रिया Printing Process	: वेट ऑफसेट : Wet Offset
मुद्रक Printer	: प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद : Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00